5	The Head-Examiner must go through the first five answer books evaluated by each evaluator on the first day, to ensure that evaluation has been carried out as per the instructions given in the Marking Scheme. If there is any variation, the same should be zero after delibration and discussion. The remaining answer books meant for evaluation shall be given only after ensuring that there is no significant variation in the marking of individual evaluators.
6	Evaluators will mark(√) wherever answer is correct. For wrong answer CROSS 'X" be marked. Evaluators will not put right (✓)while evaluating which gives an impression that answer is correct and no marks are awarded. **This is most common mistake which evaluators are committing.**
7	If a question has parts, please award marks on the right-hand side for each part. Marks awarded for different parts of the question should then be totalled up and written in the left-hand margin and encircled. This may be followed strictly.

8	If a question does not have any parts, marks must be awarded in the left-hand margin and encircled. This may also be followed strictly.
9	If a student has attempted an extra question, answer of the question deserving more marks should be retained and the other answer scored out with a note **"Extra Question"**.
10	No marks to be deducted for the cumulative effect of an error. It should be penalized only once.
11	A full scale of marks 80 has to be used. Please do not hesitate to award full marks if the answer deserves it.
12	Every examiner has to necessarily do evaluation work for full working hours i.e., 8 hours every day and evaluate 20 answer books per day in main subjects and 25 answer books per day in other subjects (Details are given in Spot Evaluation Guidelines). This is in view of the reduced syllabus and number of questions in question paper.
13	Ensure that you do not make the following common types of errors committed by the Examiner in the past:- ● Leaving answer or part thereof unassessed in an answer book. ● Giving more marks for an answer than assigned to it. ● Wrong totaling of marks awarded on an answer. ● Wrong transfer of marks from the inside pages of the answer book to the title page. ● Wrong question wise totaling on the title page. ● Wrong totaling of marks of the two columns on the title page. ● Wrong grand total. ● Marks in words and figures not tallying/not same. ● Wrong transfer of marks from the answer book to online award list. ● Answers marked as correct, but marks not awarded. (Ensure that the right tick mark is correctly and clearly indicated. It should merely be a line. Same is with the X for incorrect answer.) ● Half or a part of answer marked correct and the rest as wrong, but no marks awarded.
14	While evaluating the answer books if the answer is found to be totally incorrect, it should be marked as cross (X) and awarded zero (0)Marks.
15	Any un assessed portion, non-carrying over of marks to the title page, or totaling error detected by the candidate shall damage the prestige of all the personnel engaged in the evaluation work as also of the Board. Hence, in order to uphold the prestige of all concerned, it is again reiterated that the instructions be followed meticulously and judiciously.
16	The Examiners should acquaint themselves with the guidelines given in the "**Guidelines for spot Evaluation**" before starting the actual evaluation.
17	Every Examiner shall also ensure that all the answers are evaluated, marks carried over to the title page, correctly totalled and written in figures and words.
18	The candidates are entitled to obtain photocopy of the Answer Book on request on payment of the prescribed processing fee. All Examiners/Additional Head Examiners/Head Examiners are once again reminded that they must ensure that evaluation is carried out strictly as per value points for each answer as given in the Marking Scheme.

अंकन योजना हिन्दी माध्यम
सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2025
अर्थशास्त्र (विषय कोड –030)
[प्रश्न-पत्र कोड : 58/4/2]

अधिकतम अंक: 80

प्रश्न संख्या	अपेक्षित उत्तर/ मूल्य बिंदु	अंक
	खंड 'क' **समष्टि अर्थशास्त्र**	
1.	_____ विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत, केंद्रीय बैंक, विदेशी विनिमय (मुद्रा) दर को सीमाबद्ध रूप से नियंत्रित कर सकता है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) स्थिर (B) नम्य (C) प्रबंधित तिरती (D) स्वर्ण मान **उत्तर : (C) प्रबंधित तिरती**	**1**
2.	निम्नलिखित कथनों – अभिकथन (A) और कारण (R) का अध्ययन कीजिए। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *अभिकथन (A)* : प्रत्यक्ष कर व्यक्तियों/कंपनियों की आय/लाभ पर आरोपित किए जाते हैं। *कारण (R)* : प्रत्यक्ष करों के भुगतान का बोझ किसी अन्य इकाई पर स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। **विकल्प** : (A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है। (B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है। (C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है। (D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है। **उत्तर: (A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।**	**1**
3.	कीन्स के सिद्धांत के अंतर्गत, 'संदर्भ रेखा' (Reference Line) _____ कोण पर खिंची गई मूल-बिंदु से गुजरने वाली एक सीधी रेखा है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) 25° (B) 40° (C) 45° (D) 70° **उत्तर**: **(C) 45°**	**1**
4.	निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए: *कथन 1* : सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) से तात्पर्य प्रति आय इकाई उपभोग से है। *कथन 2* : आय में वृद्धि के फलस्वरूप, उपभोग के स्तर में आनुपातिक वृद्धि सदैव आय के स्तर में वृद्धि से अधिक होती है। दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है। (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है। (C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं। (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। **उत्तर : (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।**	**1**
5.	प्राथमिक घाटे के मापन का मुख्य उद्देश्य वर्तमान _____ पर ध्यान केंद्रित करना है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)	

	(A) वित्तीय असंतुलनों (B) वित्तीय संतुलनों (C) ऋणों की वसूली (D) नकद सहायता अनुदान **उत्तर : (A) वित्तीय असंतुलनों**	**1**
6.	निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए: *कथन 1* : जापान से भारी मशीनरी का आयात विदेशी मुद्रा की माँग का एक स्रोत है। *कथन 2* : वायनाड (केरल) में भूस्खलन के लिए अंतरराष्ट्रीय पुनर्निर्माण व विकास बैंक (IBRD) द्वारा वित्तीय सहायता, विदेशी मुद्रा की आपूर्ति का एक स्रोत है। दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है। (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है। (C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं। (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। **उत्तर : (C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।**	**1**
7.	एक द्वि-क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में, समग्र माँग _____ व _____ के योगफल द्वारा निर्धारित की जा सकती है। (रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) उपभोग, निवेश (B) निवेश, बचत (C) उपभोग, बचत (D) बचत, निर्यात **उत्तर : (A) उपभोग, निवेश**	**1**
8.	निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *कथन 1* : सरकार किसी अर्थव्यवस्था में प्रचलित अपस्फीतिकारी अंतराल को नियंत्रित करने के लिए, रेपो दर में कमी कर सकती है। *कथन 2* : सरकार खुले बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों (G-Sec) की बिक्री द्वारा, अपस्फीतिकारी अंतराल में कमी कर सकती है। दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है। (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है। (C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं। (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। **उत्तर: (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।**	**1**
9.	साधन लागत पर सकल मूल्य वृद्धि (GVA_{FC}) के मूल्य को प्राप्त करने के लिए, बाजार कीमत पर सकल मूल्य वृद्धि (GVA_{MP}) में/में से _____ को _____ जाना चाहिए। (रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) मूल्यह्रास, जोड़ा (B) मूल्यह्रास, घटाया (C) निवल अप्रत्यक्ष कर, जोड़ा (D) निवल अप्रत्यक्ष कर, घटाया **उत्तर: (D) निवल अप्रत्यक्ष कर, घटाया**	**1**
10.	निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए: *कथन 1* : सार्वजनिक वस्तुएँ, वे वस्तुएँ होती हैं, जिनके लिए राष्ट्र की समस्त इकाइयों द्वारा भुगतान किया जाता है। *कथन 2* : निजी वस्तुएँ, वे वस्तुएँ होती हैं, जो किसी राष्ट्र की सरकार द्वारा उपदानित (subsidised) दरों पर उपलब्ध कराई जाती हैं। दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है। (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है। (C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं। (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। **उत्तर: (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।**	**1**

11. (क)	कसी देश में राष्ट्रिय आय के आंकलन की आय विधि से सम्बंधित किन्ही दो सावधानियों की व्याख्या कीजिये। **उत्तर: आय विधि द्वारा राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाते समय निम्न दो सावधानियाँ बरती जानी चाहिए:** • **हस्तांतरण आय को सम्मिलित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि वे एकतरफा प्रकृति की होती हैं।** • **पुरानी वस्तुओं की बिक्री से होने वाली आय को सम्मिलित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि यह चालू वर्ष में अर्थव्यवस्था में वस्तुओं और सेवाओं के प्रवाह में वृद्धि नहीं करती है।** **(कोई अन्य मान्य सावधानी के लिए भी अंक प्रदान किए जाएं)**	**1½** **1½**
	अथवा	**3**
(ख)	निम्नलिखित काल्पनिक आँकड़ों के आधार पर : *(₹ करोड़ में)* वर्ष | नाममात्र GDP | नाममात्र GDP (आधार वर्ष की कीमतों से समायोजित) 2020 – 21 | 3,000 | 5,000 2022 – 23 | 4,000 | 6,000 2020 – 21 को आधार वर्ष मानते हुए, वर्ष 2022 – 23 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में प्रतिशत परिवर्तन की गणना कीजिए। **उत्तर: वर्ष 2022-23 के दौरान वास्तविक सकल घरेलु उत्पाद (GDP) में प्रतिशत परिवर्तन** **= $\frac{\text{वास्तविक } GDP \text{ में परिवर्तन}}{\text{वास्तविक } GDP}$ x 100** **= $\frac{6000-5000}{5000}$ x 100** **= 20%**	**1 ½** **1** **½**
		3
12.	"आय की असमानताओं को कम करने के लिए कराधान एक प्रभावी उपकरण है।" वैध कारणों द्वारा दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए। **उत्तर: सरकार आय की असमानताओं को कम करने के लिए कराधान को एक प्रभावी उपकरण के रूप में उपयोग कर सकती है, क्योंकि यह लोगों की प्रयोज्य आय को प्रभावित करता है। सरकार धनी वर्ग पर उच्च कर लगा सकती है तथा समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं आदि पर उपदान प्रदान कर सकती है। इन उपायों को अपनाकर, सरकार धनी तथा निर्धन के बीच की खाई को पाटने का प्रयास कर सकती है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए।)**	**3**
13.	निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : एक शोध संस्था द्वारा निर्गमित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अर्थव्यवस्था में समग्र माँग, विशेषकर निजी उपभोग खंड में, तीव्र गिरावट आई है। वृहद आर्थिक चरों में यह कमी, आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए रणनीतिक कार्यवाहियों की तत्काल आवश्यकता को परिलक्षित करती है। दिए गए गद्य तथा सामान्य ज्ञान के आधार पर, उन उपायों की व्याख्या कीजिए जिन्हें सरकार संकेतित समस्या को ठीक करने के लिए उठा सकती है। **उत्तर: उपरोक्त गद्य में अर्थव्यवस्था की संकेतित समस्या अपस्फीति है। अपस्फीति को नियंत्रित करने के लिए, सरकार निम्नलिखित कदम उठा सकती है:** • **कर की दरों में कमी कर सकती है जिससे आम जनता के हाथों में प्रयोज्य आय (क्रय शक्ति) में वृद्धि हो सकती है। परिणामस्वरूप, इससे समग्र मांग में वृद्धि हो सकती है, जिससे अपस्फीति की स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है।** • **सार्वजनिक व्यय में वृद्धि कर सकती है जिससे अर्थव्यवस्था में आय का स्तर बढ़ सकता है। परिणामस्वरूप, इससे समग्र मांग में वृद्धि हो सकती है, जिससे अपस्फीति की स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है।**	**2** **2**
		4

14. (क)	भुगतान संतुलन खाते के अंतर्गत पूँजी खाते के किन्हीं दो घटकों की व्याख्या कीजिए। **उत्तर: भुगतान संतुलन खाते के अंतर्गत पूंजी खाते के दो घटक हैं:** • **बाहरी ऋण, जिसमें निजी क्षेत्र और सरकार द्वारा विदेशों से/ को ऋण का आदान/ प्रदान करना सम्मिलित है। ऐसे लेन-देन पूंजी खाते में दर्ज किए जाते हैं क्योंकि, वे राष्ट्र की परिसंपत्तियों और देनदारियों को प्रभावित करते हैं।** • **विदेशों से प्राप्त/विदेश में किए गए निवेश पूंजी खाते में दर्ज किए जाते हैं क्योंकि, वे राष्ट्र की परिसंपत्तियों को प्रभावित करते हैं।** **(अन्य किसी वैध घटक के लिए भी अंक प्रदान किए जाएँ।)**	**2** **2**
	अथवा	**4**
(ख)	स्वायत्त लेनदेनों व समायोजन लेनदेनों में अंतर स्पष्ट कीजिए। **उत्तर: स्वायत्त लेन-देन वे अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक लेन-देन हैं, जो भुगतान संतुलन (BOP) की स्थिति से स्वतंत्र होते हैं। ये लेन-देन सामान्यतः 'आर्थिक उद्देश्य' से किए जाते हैं। ऐसे लेन-देन को BOP खाते में 'रेखा से ऊपर' की मदें कहा जाता है।** **जबकि;** **समायोजन लेन-देन वे अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक लेन-देन हैं, जो भुगतान संतुलन (BOP) में अधिशेष / घाटे को पाटने के लिए (सक्षम अधिकारियों द्वारा) किए जाते हैं। ये लेन-देन किसी भी आर्थिक उद्देश्य से स्वतंत्र होते हैं। ऐसे लेन-देन को BOP खाते में 'रेखा से नीचे' की मदें कहा जाता है।**	**2** **2**
		4
15.	एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था के लिए निम्नलिखित को मानते हुए, सम-स्तर आय व संतुलन आय के स्टारों का अनुमान लगाइए : (i) स्वायत्त उपभोग व्यय ($\bar{c}$)) = ₹ 50 करोड़ (ii) सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) = 0.2 (iii) स्वायत्त निवेश (I_0) = ₹ 100 करोड़	
	Ans. दिया गया है, स्वायत्त उपभोग व्यय ($\bar{c}$) = ₹ 50 crore **सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) = 0.2** **स्वायत्त निवेश (I0) = ₹ 100 करोड़** **सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) = 1 – MPS** **= 1- 0.20** **= 0.80**	
	जैसा कि हम जानते हैं, आय के सम-स्तर पर; Y = C	**1**
	Y = $\bar{c}$ + (MPC) Y	
	Y = 50 + 0.80 Y	**½**
	Y = ₹ 250 करोड़	**½**
	आय के संतुलन स्तर पर; Y = C + I	**1**
	Y = (50 + 0.80Y) + 100	**½**
	Y = ₹ 750 करोड़	**½**
	<u>वैकल्पिक उत्तर</u>	**4**
	जैसा कि ज्ञात है, आय के सम-स्तर पर; S = 0	**1**
	S = - $\bar{c}$+ (MPS) Y	
	0 = - 50 + 0.20 Y	**½**
	Y = ₹ 250 करोड़	**½**
	जैसा कि ज्ञात है, संतुलन पर; S = I	**1**
	-50 + 0.20 Y = 100	**½**
	Y = ₹ 750 करोड़	**½**
	(अन्य किसी वैकल्पिक उत्तर के लिए भी अंक प्रदान किए जाएँ।)	**4**

16. (क) (i) मान लीजिए कि, एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था में केवल तीन फर्में X, Y व Z हैं।
एक वर्ष के दौरान, अर्थव्यवस्था में निम्नलिखित लेनदेन लिए गए हैं :
(I) फर्म X द्वारा फर्म Y को ₹ 20,000 तथा फर्म Z को ₹ 12,000 के मूल्य का माल बिक्री किया गया।
(II) फर्म Y द्वारा फर्म X को ₹ 11,000 तथा फर्म Z को ₹ 35,000 के मूल्य का माल बिक्री किया गया।
(III) फर्म Z द्वारा गृहस्थों को ₹ 57,000 के मूल्य का माल अंतिम उपभोग के लिए बिक्री किया गया।
दिए गए लेनदेन के आधार पर अर्थव्यवस्था में, बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद (GDP_{MP}) के मूल्य की गणना कीजिए।

उत्तर:

फर्म	**उत्पादन का मूल्य (₹ में) (i)**	**मध्यवर्ती उपभोग (₹ में) (ii)**	**मूल्य वर्धन (₹ में) {(i) – (ii)}**	
X	**20,000 + 12,000**	**11,000**	**21,000**	**1**
Y	**11,000 + 35,000**	**20,000**	**26,000**	**1**
Z	**57,000**	**12,000 + 35,000**	**10,000**	**1**
	1,35,000	**78,000**	**57,000**	**1**
बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद (GDP_{MP})				

(अन्य किसी वैध उत्तर के लिए भी अंक प्रदान किए जाएँ।)

(ii) किसी देश में 20 नए अस्पतालों के निर्माण का किसी अर्थव्यवस्था में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) व कल्याण पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों की चर्चा कीजिये।

उत्तर: 20 नए अस्पतालों के निर्माण से सकल घरेलू उत्पाद (GDP) पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है क्योंकि बेहतर स्वास्थ्य आधारिक संरचना से रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो सकती है। साथ ही, इससे जन - स्वास्थ्य के स्तर में सुधार होने के कारण जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि हो सकती है, तथा परिणामस्वरूप, अर्थव्यवस्था में कल्याण में सुधार हो सकता है। **2**

(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए।)

OR **6**

(ख) (i) निम्नलिखित आँकड़ों के आधार पर, शुद्ध घरेलू उत्पाद (NDP_{FC}) के मूल्य का अनुमान लगाइए :

क्र. सं.	*मदें*	*राशि (₹ करोड़ में)*
(i)	गृहस्थ उपभोग व्यय	800
(ii)	सकल व्यापारिक स्थायी पूँजी निर्माण	150
(iii)	सकल आवासीय निर्माण निवेश	120
(iv)	सरकारी अंतिम उपभोग व्यय	270
(v)	आयात का निर्यात पर अधिक्य	20
(vi)	मालसूची (inventory) निवेश	50
(vii)	सकल सार्वजनिक निवेश	130
(viii)	शुद्ध अप्रत्यक्ष कर	20
(ix)	विदेशों से प्राप्त शुद्ध करक आय	(-) 25
(x)	स्थायी पूँजी का उपभोग	40

Ans.

शुद्ध घरेलू उत्पाद आय (NDP_{FC}) = (i) + (iv) + (ii) + (iii) + (vii) + (vi) - (v) - (x) - (viii) **2**

= 800 + 270 + 150 + 120 + 130 + 50 - 20 - 40 - 20 **1 ½**

= ₹1,440 करोड़ **½**

	(ii) 'आय के चक्रीय प्रवाह के निपटान (disposition) चरण में फर्मों से गृहस्थों तक करक आय (factor income) का प्रभाव सम्मिलित होता है।' वैध कारण देते हुए कथन को सिद्ध कीजिए। **उत्तर: आय के चक्रीय प्रवाह का निपटान चरण, फर्मों द्वारा उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के क्रय पर गृहस्थों द्वारा व्यय के प्रवाह को इंगित करता है।** **जबकि, वितरण चरण में फर्मों से गृहस्थ क्षेत्र की ओर कारक आय का प्रवाह सम्मिलित होता है, जिसमें किराया, मजदूरी, ब्याज तथा लाभ सम्मिलित होते हैं। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए।)**	**2** **6**
17.	(क) उपयुक्त संख्यात्मक उदाहरण द्वारा साख सृजन प्रक्रिया को विस्तार से समझाइए। **उत्तर: साख सृजन की प्रक्रिया निम्नलिखित मान्यताओं पर आधारित है:** **• संपूर्ण बैंकिंग प्रणाली एकल इकाई है।** **• सभी लेन-देन केवल बैंक के माध्यम से ही किए जाते हैं।**	

चक्र	जमाएं	ऋण	अरक्षित कोष (20%)
I	1,000	800	200
II	800	640	160
III	640	512	128
...	...	...	...
Total	5,000	4,000	1,000

जब कोई वाणिज्यिक बैंक प्राथमिक जमा (मान लीजिए ₹1,000) प्राप्त करता है, तो उसे कुछ वैधानिक कोष (मान लीजिए 20%) बनाए रखना पड़ता है। शेष राशि ऋण के लिए उपलब्ध कराई जाती है। उधार दी गई राशि जमा के अगले दौर में द्वितीयक जमा के रूप में वापस प्राप्त होती है। **4**

कुल जमाएं = प्राथमिक जमा x $\frac{1}{\text{अरक्षित अनुपात}}$

= 1000 x $\frac{\mathbf{1}}{\mathbf{0.2}}$

= ₹ 5,000

यह प्रक्रिया तब तक जारी रहती है जब तक प्रारंभिक जमा कुल आरक्षित राशि के बराबर नहीं हो जाती। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए।)

(ख) निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :

"मुद्रा का यह कार्य एक सामान्य मानक के सामने मूल्यांकन की जाने वाली विभिन्न मदों को उपलब्ध कराता है। यह मूल्यों की तुलना करने व वित्तीय रिकॉर्ड्स रखने की अनुमति देता है।"

(i) दिए गए गद्य के आधार पर, मुद्रा के संकेतिक कार्य की पहचान कीजिए।

(ii) मुद्रा के किन्हीं दो अन्य कार्यों को सूचीबद्ध कीजिए।

उत्तर: (i) मुद्रा का संकेतिक कार्य - लेखा की इकाई। **1**

(ii) मुद्रा के दो अन्य कार्य हैं:

• विनिमय का माध्यम। **½**

• स्थगित भुगतान का मानक। **(अन्य किसी वैध कार्य के लिए भी अंक प्रदान किए जाएँ)** **½**

6

खंड ख
भारतीय आर्थिक विकास

18.	पहचान कीजिए कि, निम्नलिखित में से कौन-सा 1947 के पश्चात भारत व पाकिस्तान की नीतियों में समानता को इंगित ***नहीं*** करता है। (A) दोहरी कीमत-निर्धारण नीति (B) हरित क्रांति (C) आयात प्रतिस्थापन (D) मिश्रित अर्थव्यवस्था प्रणाली **उत्तर: (A) दोहरी कीमत-निर्धारण नीति**	**1**
19.	पहचान कीजिए कि, भारत की ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***असत्य*** है। (सही विकल्प का चयन कीजिए)	

	(A) स्वतंत्रता उपरांत अवधि में, भारत में एक सुचारू रूप से संरचित ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली का निर्माण किया गया था। (B) भारत में ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली में बहु-एजेंसी संस्थानों का एक समूह सम्मिलित है। (C) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी व भूमि विकास बैंक भारत में ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली के कुछ महत्वपूर्ण घटक हैं। (D) भारत में ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली भारतीय स्टेट बैंक के मार्गदर्शन, निर्देशन व पर्यवेक्षण के अंतर्गत कार्य करती है। **उत्तर: (D) भारत में ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली भारतीय स्टेट बैंक के मार्गदर्शन, निर्देशन व पर्यवेक्षण के अंतर्गत कार्य करती है।**	**1**
20.	स्वतंत्रता उपरांत अवधि में, भारत के नीति निर्माताओं ने प्रथम _____ पंचवर्षीय योजनाओं के लिए 'आत्मनिर्भरता' पर बल दिया था। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) 8 (B) 7 (C) 6 (D) 5 **उत्तर: (B) 7**	**1**
21.	किसी विशेष फ़सल के स्थान पर, फ़सलों की विभिन्न किस्मों का उत्पादन _____ के विविधीकरण के रूप में जाना जाता है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) फसलों (B) कृषि उत्पादन (C) क्षेत्रीय संरचना (D) रोज़गार **उत्तर: (A) फसलों**	**1**
22.	पहचान कीजिए कि, पर्यावरण के कार्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***असत्य*** है। (सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) संसाधन उपलब्ध कराना (B) अपशिष्ट अवशोषित कराना (C) जीवन बनाए रखना (D) जीवन की गुणवत्ता का ह्रास करना **उत्तर : (D) जीवन की गुणवत्ता का ह्रास करना**	**1**
23.	निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *कथन 1* : भारतीय खाद्य निगम, बाजार तंत्र को सुधारने के उपाय के रूप में गेहूं व चावल का बफर स्टॉक बनाए रखता है। *कथन 2* : न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP), सरकार द्वारा कृषकों के हितों की रक्षा के लिए निर्धारित किया जाता है। दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है। (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है। (C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं। (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। **उत्तर : (C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।**	**1**
24.	मान लीजिए कि, एक अर्थव्यवस्था बिना किसी उचित रोज़गार के अवसरों में वृद्धि के, वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में वृद्धि की स्थिति का सामना कर रही है। आर्थिक भाषा में, ऐसी स्थिति को _____ वृद्धि कहा जाता है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) आकस्मिक (B) अनौपचारिक	

	(C) औपचारिक (D) रोज़गार विहीन **उत्तर : (D) रोज़गार विहीन**	**1**
25.	निम्नलिखित कथनों – अभिकथन (A) और कारण (R**)** का अध्ययन कीजिए। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *अभिकथन (A)* : परमिट लाइसेंस राज के अत्यधिक विनियमन ने कुछ निजी फर्मों को प्रतिस्पर्धी बनने से रोका था। *कारण (R)* : निजी क्षेत्र ने उत्पाद की गुणवत्ता व अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि करने के बजाय लाइसेंस प्राप्ति में महत्वपूर्ण समय बर्बाद किया था। **विकल्प** : (A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है। (B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है। (C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है। (D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है। **उत्तर : (A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।**	**1**
26.	निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *कथन 1* : भारतीय कृषि के व्यावसायीकरण के लिए ब्रिटिश नीतियाँ जिम्मेदार थीं। *कथन 2* : भारतीयों के व्यापक हितों के लिए, ब्रिटिश शासकों ने भारत की आधारिक-संरचना के विकास पर ध्यान केंद्रित किया था। दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है। (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है। (C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं। (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। **उत्तर: (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।**	**1**
27.	निम्नलिखित कथनों – अभिकथन (A) और कारण (R) का अध्ययन कीजिए। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *अभिकथन (A) :* मानव पूँजी में निवेश में विवेकपूर्ण निर्णय लेने के लिए सूचना महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। *कारण (R) :* लोग श्रम बाजार व अन्य क्षेत्रों जैसे शिक्षा तथा स्वास्थ्य के बारे में सूचना प्राप्त करने के लिए निवेश करते हैं। विकल्प : (A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है। (B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है। (C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है। (D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है। **उत्तर: (A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।**	**1**
28.	पाकिस्तान में गरीबी के उद्भव के लिए ज़िम्मेदार कारणों की व्याख्या कीजिए। **उत्तर: पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में गरीबी के उद्भव के कारण थे:** • **पाकिस्तान ने असमान कृषि विकास व खाद्य आपूर्ति की स्थिति का सामना किया जो अच्छी फसल पर निर्भर थी न कि तकनीकी परिवर्तन की संस्थागत प्रक्रिया पर।** • **पाकिस्तान की प्रेषण पर अत्यधिक निर्भरता, विदेशी ऋणों में वृद्धि तथा ऋणों को वापस चुकाने में बढ़ती कठिनाई की समस्याओं का सामना करना पड़ा।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए।)** **(अन्य कोई वैध कारण को भी अंक प्रदान किए जाएँ।)**	**3**

29. (क)	"ब्रिटिश शासन के अंतर्गत, भारत को व्यवस्थित आर्थिक शोषण का सामना करना पड़ा, इसके साथ संसाधन व धन संपदा ब्रिटेन हस्तांतरित किए गए थे।" दिए गए कथन की वैध स्पष्टिकरण द्वारा पुष्टि कीजिए। **उत्तर: औपनिवेशिक काल के दौरान, भारत के संसाधनों और संपदा का दोहन करके ब्रिटेन भेज दिया गया। भारत को कच्चे माल के निर्यातक और ब्रिटेन से तैयार औद्योगिक उत्पादों के आयातक के रूप में परिवर्तित दिया गया । इसके अतिरिक्त, निर्यात अधिशेष होने के बावजूद भी भारत में सोने या चांदी का कोई प्रवाह नहीं हुआ। बल्कि, इस धन का उपयोग औपनिवेशिक सरकार द्वारा भारत में प्रशासन पर किए गए खर्चों, युद्धों पर व्यय तथा अदृश्य वस्तुओं के आयात के लिए किया गया, जिसके कारण भारतीय सम्पदा का ब्रिटेन में अपवाह हो गई। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए।)**	**3**
	अथवा	
(ख)	1991 के सुधारों में भारत सरकार द्वारा अपनाई गई नवरत्न नीति का मूल्यांकन कीजिए। **उत्तर: 1991 के सुधारों में, सरकार ने, कुछ सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की पहचान की, तथा, दक्षता में सुधार, व्यावसायिकता को प्रोत्साहित करने और उदार वैश्विक वातावरण में अधिक प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाने हेतु, उन्हें 'नवरत्न' घोषित किया। इन उद्यमों को कुशलतापूर्वक चलाने और लाभ को बढ़ाने के लिए, उन्हें, विभिन्न निर्णय लेने में अधिक प्रबंधकीय व परिचालन स्वायत्तता प्रदान की गई। नवरत्न का दर्जा दिए जाने से इन उद्यमों का प्रदर्शन बेहतर हुआ।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए।)**	**3**
30. (क)	(i) मानव पूंजी व भौतिक पूंजी में अंतर स्पष्ट कीजिए। **उत्तर: मानव पूंजी से तात्पर्य उस ज्ञान, कौशल और योग्यता के भंडार से है जो उसके स्वामी में समाहित है, अर्थात मानव पूंजी अपने स्वामी से अविभाज्य है। इसे बाजार में क्रय/ विक्रय नहीं किया जा सकता, केवल इसकी सेवाओं का बाजार में क्रय/ विक्रय किया जा सकता है।**	**1**
	जबकि;	
	भौतिक पूंजी वे संपत्तियाँ (प्लांट और मशीनरी, भवन आदि) हैं, जो प्रकृति में मूर्त हैं। यह अपने स्वामी से अलग है। इसका बाजार में क्रय-विक्रय किया जा सकता है।	**1**
	(ii) ग्रामीण क्षेत्रों में 'LPG' व 'गोबर गैस' का धारणीय विकास प्राप्त करने के लिए उपयोग की जाने वाली रणनीति के रूप में वर्णन कीजिए। **उत्तर: 'LPG' एक स्वच्छ ईंधन है जो घरेलू ईंधन के प्रदूषण को काफी हद तक कम करता है और ऊर्जा के अपव्यय को कम करता है। गोबर गैस प्लांट को चलाने के लिए, मवेशियों के गोबर को प्लांट में डाला जाता है और गैस बनाई जाती है जिसका उपयोग ईंधन के रूप में किया जाता है तथा जो बच जाता है, वह अवशेष एक बहुत अच्छा जैविक खाद और मृदा संवर्धक है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए।)**	**2**
	अथवा	**4**
(ख)	(i) ग्रामीण भारत में सूक्ष्म-साख (micro-credit) कार्यक्रमों का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए। **उत्तर: सूक्ष्म साख कार्यक्रम औपचारिक ऋण प्रणाली में मौजूद कमियों को पूरा करते हैं। ऋणाधार की कमी के कारण ग्रामीण परिवारों का एक बड़ा भाग साख व्यवस्था से बाहर हो जाता है। सूक्ष्म साख प्रणाली इन निर्धन परिवारों को सस्ती ब्याज दर पर ऋण प्रदान करके औपचारिक ऋण प्रणाली के दायरे में लाती है। हालांकि, यह आलोचना की जाती है कि ऋण मुख्य रूप से उपभोग उद्देश्यों तक ही सीमित है। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए।)**	**3**
	(ii) धारणीय विकास के अर्थ का उल्लेख कीजिए। **उत्तर: धारणीय विकास वह विकास है, जो भावी पीढ़ी की क्षमता से समझौता किए बिना वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकताओं को पूरा करता है।**	**1**
		4
31.	दिए गए गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए व निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : तीव्र गति से वृद्धिमान जनसंख्या के प्रति-उत्तर में, चीन ने 'एकल संतान नीति' प्रारंभ की थी। इस नीति के अंतर्गत युगलों (couples) को केवल एक ही संतान पैदा करने की अनुमति प्रदान की गई थी। इस नीति ने चीन को जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने में सहायता की थी।	

	इस नीति के महत्वपूर्ण परिणाम भी उत्पन्न हुए, जैसे कि वृद्धों की अधिक जनसंख्या, पुत्रों को प्राथमिकता देने के कारण लिंग असंतुलन एवं एकल संतानों के लिए सामाजिक चुनौतियाँ आदि। 2015 में इस नीति में ढील दी गई, जिससे सभी युगलों को दो संतान पैदा करने की अनुमति मिल गई थी तथा 2021 में इसे और शिथिल करके तीन संतानों तक कर दिया गया था। कुल मिलाकर, जबकि एकल संतान नीति ने जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के अपने प्राथमिक लक्ष्य को प्राप्त किया था, परंतु इसने जनसांख्यिकीय व सामाजिक चुनौतियों का एक जटिल समूह भी उत्पन्न किया जिसका सामना चीन आज भी कर रहा है। (क) चीन में एकल संतान नीति के कार्यान्वयन के परिणामों को समझाइए। **उत्तर: चीन में एकल संतान नीति के कार्यान्वयन से चीन की जनसंख्या वृद्धि दर में भारी गिरावट आई। किन्तु, इस नीति के कई प्रतिकूल प्रभाव भी हुए, जैसे कि, वृद्ध जनसंख्या का उच्च अनुपात, पुत्र को प्राथमिकता देने के कारण लिंग असंतुलन तथा एकल संतान के लिए विभिन्न सामाजिक चुनौतियाँ आदि। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए।)** (ख) चीन में एकल संतान नीति के कार्यान्वयन के किसी एक कारण का उल्लेख कीजिए। **उत्तर: चीन में एकल संतान नीति तीव्र गति से बढ़ती हुई जनसंख्या पर अंकुश लगाने के लिए लागू की गई थी।**	**3** **1** **4**
32.	मान्य तर्कों द्वारा, उल्लेख व विस्तृत व्याख्या कीजिए कि निम्नलिखित कथन सत्य है अथवा असत्य : (क) जैविक कृषि महंगे कृषि आगतों को स्थानीय स्तर पर उत्पादित जैविक आगतों से प्रतिस्थापित करने का एक साधन प्रदान करती है। **उत्तर: सत्य। जैविक कृषि, महंगे कृषि आगतों जैसे HYV बीज, रासायनिक उर्वरक व कीटनाशक आदि को स्थानीय स्तर पर उत्पादित जैविक आगतों से प्रतिस्थापित करने का एक साधन प्रदान करती है, जो कि सस्ते होते हैं तथा इनसे निवेश पर अच्छा प्रतिफल मिलता है।** (ख) भारत में कार्यबल के अनौपचारिकरण ने देश के युवाओं के मध्य रोजगार सृजन के मोर्चे पर विभिन्न चिंताओं में वृद्धि की है। **उत्तर: सत्य। कार्यबल के अनौपचारिकीकरण ने युवाओं में रोज़गार सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इससे कम आय और सामाजिक सुरक्षा लाभों से वंचित रह जाने की समस्या उत्पन्न होती है।**	**2** **2** **4**
33.	निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार, विगत छः वर्षों में, भारतीय श्रम बाजार संकेतकों में सुधार हुआ है। 2022 – 23 में बेरोजगारी दर घट कर 3.2% हो गई है। कार्यबल में युवाओं व महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि से जनसांख्यिकीय व लैंगिक लाभांश का लाभ उठाने के अवसर प्राप्त हुए हैं। फैक्ट्री रोजगार आंकड़े वित्तीय वर्ष 2022 – 23 में संगठित विनिर्माण क्षेत्र में उछाल को दर्शाते हैं। इसके साथ ही रोजगार में वृद्धि के कारखानों का विस्तार है। विगत पांच वर्षों में EPFO के अंतर्गत शुद्ध वेतन प्राप्त करने वाले दोगुने से अधिक हो गए हैं, जो कि स्वस्थ विकास व औपचारिक रोजगार का संकेत है। गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजन करने व उसे बनाए रखने के लिए कृषि-प्रसंस्करण व देखबाल अर्थव्यवस्था के दो आशाजनक विकल्प हैं। दिए गए गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (क) भारतीय कार्यबल में बढ़ती हुई युवा व महिला भागीदारी का कोई एक महत्व बताइए। **उत्तर: भारतीय कार्यबल में युवाओं और महिलाओं की बढ़ती भागीदारी जनसांख्यिकीय और लैंगिक लाभांश का लाभ उठाने का अवसर प्राप्त हुए हैं।** (ख) भारत में गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजन हेतु आशाजनक माने जाने वाले किन्हीं दो क्षेत्रों की पहचान कीजिए। **उत्तर: भारत में गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजन के लिए आशाजनक दो क्षेत्र :**	**1**

	• **कृषि प्रसंस्करण** • **देखभाल अर्थव्यवस्था** (ग) उपयुक्त उदाहरण की सहायता से प्रच्छन्न बेरोजगारी के अर्थ की विस्तृत व्याख्या कीजिए। **उत्तर: प्रच्छन्न बेरोजगारी से तात्पर्य ऐसी स्थिति से है जब कोई व्यक्ति कार्यरत तो है किन्तु उत्पादन में कोई योगदान नहीं दे रहा है, अर्थात उसकी सीमांत उत्पादकता शून्य है। उदाहरण के लिए, मान लीजिए कि एक किसान चार एकड़ भूमि और दो मजदूरों के साथ 100 क्विंटल गेहूं का उत्पादन करता है। अगर वह एक और मजदूर को काम पर रखता है, तब भी कुल उत्पादन अपरिवर्तित रहता है। इस स्थिति में, कुल उत्पादन में अतिरिक्त मजदूर द्वारा किया गया योगदान शून्य है और इस प्रकार इसे छिपी हुई बेरोजगारी की स्थिति कहा जा सकता है। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए।)**	**1** **1** **3** **6**
34. **(क)**	(i) "वैश्वीकरण की प्रक्रिया से भारतीय अर्थव्यवस्था को अत्यंत लाभ प्राप्त हुआ है." मान्य तर्कों द्वारा दिए गए कथन को सिद्ध कीजिए। **उत्तर: वैश्वीकरण की प्रक्रिया ने भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक परिणाम उत्पन्न किए हैं। सीमामुक्त विश्व की रचना से, भारतीय अर्थव्यवस्था की, वैश्विक बाजारों तथा नवीनतम प्रौद्योगिकी तक पहुँच बढ़ गई है। इसके अलावा, अर्थव्यवस्था के खुलने से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और विदेशी मुद्रा भंडार में तीव्र गति से वृद्धि हुई है। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए।)** (ii) बहुपक्षीय व्यापार व द्वि-पक्षीय व्यापार में अंतर स्पष्ट कीजिए। **उत्तर: बहुपक्षीय व्यापार एक देश द्वारा दो से अधिक देशों के साथ वस्तुओं और सेवाओं का आदान-प्रदान करने के लिए किया जाने वाला व्यापार है।** **जबकि ;** **द्विपक्षीय व्यापार से तात्पर्य दो देशों के बीच वस्तुओं और सेवाओं के आदान-प्रदान करने के लिए किए जाने वाले व्यापार से है।** **अथवा**	**4** **1** **1** **6**
(ख)	(i) 1991 के उपरांत अवधि में भारत सरकार द्वारा किए गए विदेशी मुद्रा के सुधारों पर संक्षेप में चर्चा कीजिए। **उत्तर: 1991 के बाद भारत सरकार द्वारा किए गए विदेशी मुद्रा सुधार निम्नलिखित थे:** • **भुगतान संतुलन संकट का समाधान करने हेतु एक तात्कालिक उपाय के रूप में, विदेशी मुद्राओं की तुलना में रुपये का अवमूल्यन किया गया। इससे विदेशी मुद्रा के अंतर्वाह में वृद्धि हुई।** • **रुपये के मूल्य के निर्धारण के लिए विदेशी मुद्रा बाजारों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कर दिया गया। विनिमय दरें विदेशी मुद्रा की मांग और आपूर्ति की बाजार शक्तियों के माध्यम से निर्धारित की जाती हैं। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए।)** (ii) प्रशुल्क (Tariffs) व कोटा (Quotas) में अंतर स्पष्ट कीजिए। **उत्तर: प्रशुल्क (Tariffs): आयातित वस्तुओं पर लगाया जाने वाला कर है जो आयातित वस्तुओं को महंगा बनाता है और उनके उपयोग को हतोत्साहित करता है।** **जबकि;** **कोटा(Quotas): कोटा आयात की जा सकने वाली वस्तुओं की मात्रा को निर्दिष्ट करता है।**	**4** **1** **1** **6**

* * *